SAMARTH BHARAT
समर्थ भारत

भाऊराव देवरस सेवा न्यास
सेवा हि परमो धर्मः

# समर्थ गाथा



## मासिक यात्रा

( जनवरी 2025 )

Helpline Number
8595887700
www.samarthbharat.net
contact@samarthbharat.com

Follow Us

# सारांश

इस माह समर्थ भारत ने विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कार्यशालाओं और बैठकों का सफल आयोजन किया। प्रशिक्षण केंद्रों में नए बैच की शुरुआत हुई, जिसमें कई छात्रों ने पंजीकरण कराया। कौशल विकास को और प्रभावी बनाने के लिए प्रशिक्षकों के साथ मूल्यांकन निर्माण कार्यशाला आयोजित की गई, जहां मूल्यांकन प्रक्रिया को सुदृढ़ करने पर चर्चा हुई।

सामुदायिक जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में प्रचार अभियान, स्थानीय संगठनों के साथ सहयोग, और स्कूलों में परामर्श सत्र आयोजित किए गए। डिजिटल मार्केटिंग के माध्यम से संभावित उम्मीदवारों तक पहुंच बढ़ाई गई।

महत्वपूर्ण बैठकों में प्रशिक्षण केंद्र प्रमुखों के साथ रणनीतिक चर्चा की गई, जिसमें संचालन को और प्रभावी बनाने और छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नए विचारों पर काम किया गया। आगामी गतिविधियों की योजना के साथ, समर्थ भारत अपने मिशन की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

## परिचय

समर्थ भारत विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों और करियर विकास केंद्रों (सी. डी. सी.) के माध्यम से राष्ट्रीय विकास की एक व्यापक दृष्टि को मूर्त रूप देता है। कौशल विकास कार्यक्रम का उद्देश्य कमजोर और हाशिये पर मौजूद समुदायों को आवश्यक कौशल प्रदान करके उन्हें सक्रिय कार्यबल में भागीदारी के लिए सशक्त बनाना है। यह प्रयास युवाओं में महत्वाकांक्षी मूल्यों को प्रोत्साहित करते हुए औपचारिक और अनौपचारिक क्षेत्रों में कौशल विकास की क्षमता को मजबूत करता है।

इसके साथ ही, यह बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उत्पन्न करने में सक्षम बनाता है, जिससे राष्ट्र की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में करियर विकास केंद्र (सीडीसी) स्थापित किए गए हैं, जो छात्रों को उद्यमिता और स्टार्टअप इकोसिस्टम की जटिलताओं को समझने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश और ज्ञान प्रदान करते हैं। ये केंद्र छात्रों के समग्र विकास के लिए एक मंच के रूप में कार्य करते हैं, जहाँ उद्योग विशेषज्ञों द्वारा मेंटरशिप से लेकर स्टार्टअप और नवाचार पहलों के लिए मंच उपलब्ध कराया जाता है।

### स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम

समर्थ भारत अपने कौशल विकास कार्यक्रम के माध्यम से 12 विविध प्रशिक्षण मॉड्यूल्स के साथ हजारों युवाओं को रोजगार और उद्यमिता के अवसर प्रदान कर रहा है। यह पहल एक सकारात्मक वातावरण में प्रशिक्षुओं को आत्मनिर्भर बनने का मार्ग दिखाती है।

### कैरियर डेवलपमेंट सेंटर्स (CDC)

दिल्ली विश्वविद्यालय के सहयोग से समर्थ भारत ने कैरियर डेवलपमेंट सेंटर्स स्थापित किए हैं। ये सेंटर छात्रों को उद्यमिता और स्टार्टअप की दुनिया में सफलता के लिए मार्गदर्शन, उद्योग विशेषज्ञों का परामर्श, और वेंचर कैपिटलिस्ट्स तक पहुंच प्रदान करते हैं।

# MONTHLY MILESTONES

## ब्यूटी कोर्स के नए बेच की शानदार शुरुआत

(केन्द्र, लुधियाना )



लुधियाना में नए केंद्र पर ब्यूटी कोर्स के नए बैच की शानदार शुरुआत हुई। इस कोर्स में 12 छात्राओं ने पंजीकरण कराया। हमारा उद्देश्य केवल तकनीकी प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि इन छात्राओं को एक सफल करियर के लिए तैयार करना है। यहां उन्हें प्रैक्टिकल अनुभव, आधुनिक सौंदर्य तकनीकें और प्रोफेशनल स्किल्स सिखाई जाएंगी, जिससे वे ब्यूटी इंडस्ट्री में अपनी एक मजबूत पहचान बना सकें।

## महारानी बाग के ब्यूटी केन्द्र पर डमी पर हेयर स्टाइल व फेशियल सिखाया गया।






## राष्ट्रीय स्टार्टअप उत्सव लक्ष्मीबाई कॉलेज





लक्ष्मीबाई कॉलेज ने राष्ट्रीय स्टार्टअप उत्सव का आयोजन किया, जिसमें छात्रों और विशेषज्ञों ने नवाचार और उद्यमिता की भावना को बढ़ावा दिया। समर्थभारत ने गर्व से इस कार्यक्रम में भाग लिया, जिसकी शुरुआत श्री शोनाल गुप्ता, संयोजक समर्थ भारत के प्रेरणादायक सत्र से हुई। उन्होंने विभिन्न कौशलों के विकास और सामुदायिक व्यापार मॉडल को अपनाने के महत्व पर जोर दिया।

शहीद भगत सिंह (इवनिंग) कॉलेज की फैकल्टी और शिक्षा मंत्रालय की IIC अधिकारी श्रीमती ज्योति ने विकसित मानसिकता और अनुकूलनशीलता को छात्रों के लिए आवश्यक उपकरण के रूप में रेखांकित किया।

प्रिंसिपल प्रोफेसर प्रत्युष वात्सला ने स्टार्टअप्स के नवाचार को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में छात्रों को सशक्त बनाने की भूमिका को रेखांकित किया। कार्यक्रम का समापन छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए स्टार्टअप आइडिया से हुआ, जिसमें उन्होंने अपनी सृजनात्मक व्यापार योजनाओं का प्रदर्शन किया।

इस उत्सव ने युवा मनों में उद्यमिता की भावना को प्रेरित किया, जो भारत के आत्मनिर्भरता और नवाचार के विजन में योगदान देने के लिए उत्सुक हैं।

## समर्थ भारत के तुगलकाबाद में आर ओ रिपेयर कोर्स का फीडबैक लिया गया।



# छात्रों के सशक्तिकरण के लिए नई रणनीतियाँ

SAMARTH BHARAT समर्थ भारत

## प्रशिक्षण केंद्र प्रमुखों की महत्वपूर्ण बैठक







दिनांक 04 जनवरी 2025 को साउथ अवेन्यू , तीन मूर्ति सर्कल, नई दिल्ली में सभी प्रशिक्षण केंद्र प्रमुखों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी, जिसमें नए विचारों और प्रभावी रणनीतियों पर चर्चा की गई। इस बैठक का उद्देश्य केवल संचालन को बेहतर बनाना नहीं था, बल्कि हमारे प्रशिक्षण प्रणाली में सकारात्मक बदलाव लाना था, जिससे छात्रों को अधिक प्रभावी और व्यावहारिक शिक्षा प्रदान की जा सके। हमारा लक्ष्य सिर्फ कौशल सिखाना नहीं, बल्कि छात्रों को आत्मनिर्भर और सफल बनाने के लिए आवश्यक ज्ञान, आत्मविश्वास और मार्गदर्शन देना है। इस बैठक के माध्यम से हमने उन चुनौतियों और अवसरों की पहचान की, जिन पर काम करके हम अपने प्रशिक्षण कार्यक्रमों को और अधिक सशक्त बना सकते हैं। समर्पित प्रयासों और नवाचारों के साथ, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि प्रत्येक छात्र को सर्वोत्तम शिक्षा और प्रशिक्षण मिले, जिससे वे अपने करियर में नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकें।

## छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए प्रभावी मूल्यांकन कार्यशाला





दिनांक 24 जनवरी 2025 को नई दिल्ली स्थित आचार्य निकेतन समर्थ भारत केंद्र में एक दिवसीय मूल्यांकन निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य पाठ्यक्रम के अनुसार प्रभावी मूल्यांकन प्रक्रिया विकसित करना और प्रशिक्षकों को छात्रों के कौशल एवं ज्ञान का सटीक मूल्यांकन करने हेतु सक्षम बनाना था। समर्थ भारत प्रशिक्षण टीम ने प्रशिक्षकों के साथ वर्तमान और आगामी केंद्रों के छात्रों के लिए मूल्यांकन प्रपत्र तैयार करने की अंतर्दृष्टि और अपेक्षाएँ साझा कीं। इंदु सोढ़ी जी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षकों ने मूल्यांकन प्रपत्र का प्रारूप तय किया और अंतिम प्रति तैयार की।

कार्यशाला में उपस्थित सभी सदस्यों ने अपने अनुभव व सुझाव साझा किए। यह पहल प्रशिक्षण की गुणवत्ता को और अधिक प्रभावी व संरचित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी, जिससे छात्रों को सर्वोत्तम शिक्षा और मूल्यांकन प्रक्रिया प्राप्त हो सकेगी।

# EVENTS

## नरसिंहपुर हेवी कमर्शियल व्हीकल सर्विस टेक्नीशियन बैच-1 असेसमेंट





समर्थ भारत द्वारा BDSN/APML नरसिंहपुर हेवी कमर्शियल व्हीकल सर्विस टेक्नीशियन बैच-1 का असेसमेंट हुआ। 100% उपस्थिति ने प्रशिक्षुओं की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। माननीय असेसर डॉ. रवि मेनारिया ने असेसमेंट किया, और प्रशिक्षुओं ने वायवा राउंड व साक्षात्कार में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिससे उन्हें उत्तीर्ण घोषित किया गया। एक ऑनलाइन असेसमेंट भी आयोजित किया गया, जिसका परिणाम अभी प्रतीक्षित है। हमें पूर्ण विश्वास है कि सभी उम्मीदवारों को ASDC प्रमाणपत्र से सम्मानित किया जाएगा।

## बढ़ई परिशिक्षण केन्द्र

(कीर्ति नगर, दिल्ली )







बढ़ई प्रशिक्षण केंद्र (कीर्ति नगर, दिल्ली) के सभी प्रशिक्षार्थियों को खरादिया के पास ले जाया गया वहां बताया गया की इस खराद मशीन पर सफाई से डिज़ाइन बनाया जाता है जैसे पाया का डिज़ाइन, टेबल का पाया डिज़ाइन और अन्य डिज़ाइन बनाया जाता है ।

## महारानी बाग ब्यूटी केन्द्र पर लोहड़ी व मकर संक्रांति मनाई गई।





महारानी बाग ब्यूटी केंद्र पर लोहड़ी व मकर संक्रांति पर्व धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि चौ. खेम सिंह नम्बरदार जी, केन्द्र प्रमुख सुश्री अचला जी और श्रीमति अर्चना जी ने कार्यक्रम में भाग लिया। अंत में चौ. खेम सिंह जी ने बच्चों को आशीर्वचन दिए और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## MOBILIZATION ACTIVITY



**बेकरी कोर्स, संगम विहार, दिल्ली**



**ब्यूटिशियन कोर्स, लुधियाना**



**ब्यूटिशियन कोर्स, काशी, उत्तर प्रदेश**


# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ

SAMARTH BHARAT
समर्थ भारत

भाऊराव देवरस सेवा न्यास
सेवा हि परमो धर्मः

श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को 1 वर्ष पूरा होने पर समर्थ भारत के सभी केन्द्रों पर पूजा पाठ का आयोजन किया गया।



















# TRAINING HIGHLIGHTS

## COMPLETED BATCH - JAN 2025

| Center | Course | No. of Students |
|---|---|---|
| Bhati Mines -2 | AC/Refrigerator/RO | 11 |
| Kirti Nagar | Carpainter | 11 |
| Dadri, Acheja | AC/Refrigerator/RO | 8 |
| SOL DU (Keshavpuram) | AC & Refrigerator | 7 |

## ONGOING BATCH - JAN 2025

| Delhi Community Centers | | |
|---|---|---|
| Center | Course | No. of Students |
| Acharya Niketan Flagship Centre | AC/Refrigerator/RO | 16 |
| Chawala, Nahargarh | Beautician | 11 |
| Maharani Bagh | Beautician | 15 |
| Paharganj | GDA | 17 |
| Roshan Vihar, Nahargarh | Beautician | 16 |
| Sagarpur - 1 | Digital Marketing | 12 |
| Sangam Vihar - 2 | AC/Refrigerator/RO | 20 |
| Shashi Garden (Gali No 2) | Beautician | 21 |
| Tank Road | Beautician | 21 |
| Tughlakabad | AC/Refrigerator/RO | 20 |
| Delhi Colleges Center | | |
| Bharti College - 2 | Bakery | 34 |
| Bharti College -1 | Nail Art | 16 |
| SOL DU (Keshavpuram) | Beautician | 6 |
| SOL DU (Keshavpuram) | Nail Art | 5 |

| Delhi NCR Community Centers | | |
|---|---|---|
| Center | Course | No. of Students |
| Hettich - Faridabad | Carpenter | 3 |
| Narsinghpur (APML PLAC ) | Truck Repairing | 18 |

| Other States | | |
|---|---|---|
| Center | Course | No. of Students |
| Ludhiana, Punjab | Beautician | 12 |
| Kashi, Uttar Pradesh | Beautician | 6 |

# EXPECTED BATCH START - FEB 2025

| Delhi Community Centers | |
|---|---|
| **Center** | **Course** |
| Bhati Mines -1 | Beautician |
| Bhati Mines -2 | AC/Refrigerator/RO |
| Bijwasan | AC/Refrigerator/RO |
| Chuna Bhatti, Kirti Nagar | Carpenter |
| Fatehpur Beri | Cutting & Tailoring |
| Jhatikara | Hair Stylist |
| Kalka Ji | Cutting & Tailoring |
| Kangan Hedi, Nahargarh | Welding |
| Old Seemapuri | AC/Refrigerator/RO |
| Pandawala | Hair Stylist |
| Rawta | AC/Refrigerator/RO |
| Sagarpur - 2 | AC/Refrigerator/RO |
| Sangam Vihar-1 | Beautician<br>Bakery |
| Shashi Garden (Gali No 12) | Fashion Desining<br>Hair Stylist<br>Nail Art |
| Tank Road | Nail Art |
| Zamrudhpur | Cutting & Tailoring |

| Delhi Colleges Center | |
|---|---|
| **Center** | **Course** |
| Daulat Ram College | Nail Art |
| Delhi College of Arts & Commerce | Video editing |
| Kirori Mal College | Startup Adda<br>Digital Marketing |
| SOL DU (Keshavpuram) | AC/Refrigerator<br>Home Appliance<br>RO |
| Zakir Hussain College | RO |

| Delhi NCR Community Centers | |
|---|---|
| **Center** | **Course** |
| Dadri, Acheja | AC/Refrigerator/RO |

# SAMARTH BHARAT
## Career Development Academy



**समर्थ भारत (भाऊराव देवरस सेवा न्यास) युवाओ को सशक्त बनाने और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास पर केंद्रित एक संगठन है। कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से, हम लोगों को रोजगार के लिए आवश्यक विशेषज्ञता प्रदान करते हैं।**

## COURSES & DURATION

| COURSES | CODE | DURATION | GENDER |
|---|---|---|---|
| Beautician | BE | 3 Month | Female |
| Nail Art | NA | 1 Month | Female |
| Bakery | BA | 1 Month | Both |
| AC/Refrigerator | AR | 1 Month | Male |
| Home Appliance Technician | HA | 1 Month | Male |
| RO Repair | RO | 1 Week | Male |
| Hair Stylist | HS | 1 Month | Both |
| Plumber | PL | 1 Month | Male |
| Carpenter | CP | 1 Month | Male |
| Truck Repair Training | TR | 3 Month | Male |
| General Duty Assistant | GA | 3 Month | Both |

| COURSES | CODE | DURATION | GENDER |
|---|---|---|---|
| Cutting & Tailoring | CT | 3 Month | Female |
| Digital Marketing | DM | 60 hrs | Both |
| Flutter | FL | 60 hrs | Both |
| Prompt Engineering | PE | 60 hrs | Both |
| Python | PT | 60 hrs | Both |
| Video Editing | VE | 60 hrs | Both |
| GST & Tally | GT | 60 hrs | Both |
| Design Thinking | DT | 40 hrs | Both |
| Startup Bootcamp | SB | 16 hrs | Both |
| Employability & Personality Development Skills | ED | 40 hrs | Both |
| Skills to Scale - Develop Growth Mind - Set | DG | 40 hrs | Both |

## CENTERS

| DISTRICT | CENTER | COURSE CODE |
|---|---|---|
| North East | Old Seemapuri | AR/HA |
| | Seelampur | AR |
| East | Mayur Vihar | AR/RO |
| | Shashi Garden | BE/NA/HS |
| | Maharaja Agrasen College | NA/PE/FL/DM/ |
| | S R College of Applied Science | NA |
| South | Maharani Bagh | BE |
| | Tughlakabad | AR/RO |
| | Kalka Ji | CT |
| | Zamrudhpur | CT |
| | Sri Aurobindo College | FL |
| | College of Vocational Studies | BA/NA |
| | Dayal Singh College | BA |
| | Deshbandhu College | PE |
| | PGDAV College (Evening) | PE/DT |
| | S B S College (Evening) | BA/NA/DM |

| DISTRICT | CENTER | COURSE CODE |
|---|---|---|
| South West | Bhati Mines | BE/AR/RO |
| | Bijwasan | AR/RO |
| | Deoli | AR/RO |
| | Sangam Vihar | BE/GT |
| | Aryabhatta College | DT |
| | ARSD College | FL/VE/PE/ED |
| | Delhi College of Arts & Commerce | VE |
| West | Chawla, Nahargarh | BE |
| | Dwarka | AR |
| | Jhatikara | HS |
| | Sagarpur | DM |
| | Roshan Vihar, Nahargarh | DM |
| | Bhaskaracharya College | DT |
| | DDU College | DM/FL/NA |
| North West | Kirti Nagar | CP |
| | Bharti College | BA/NA |
| | Shivaji College | FL |

| DISTRICT | CENTER | COURSE CODE |
|---|---|---|
| Central Delhi | Paharganj | GA |
| | Tank Road | BE/NA |
| | Daulat Ram College | BA |
| | Kirori Mal College | DT |
| | SOL DU (Keshavpuram) | BE/AR/RO/HA |
| | Hansraj College | PE |
| | IP College for women | DT |
| | Ramjas College | DM |
| | Zakir Husahain College | RO/DT |
| | Maitreyi College | NA |
| Delhi NCR | Dadri, Acheja | AR/RO |
| | Hettich-Faridabad | CP |
| | Narsinghpur (APML PLAC) | TR |

For More Information
8595887700
www.samarthbharat.net

Scan for Registration

Follow Us
@samarthbharatofficial
@samarthbharatofficial
@wesamarthbharat
@samarthbharatofficial
@samarthbharat7812

# बदलाव के लिए साथ आयें

## हमारे कौशल विकास पहल का समर्थन करें

आपका सहयोग हमारे प्रशिक्षण को अधिक सुलभ बनाने और शिक्षार्थियों को उज्जवल भविष्य के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करने में सक्षम बनाता है। आपके योगदान से हम अपनी सेवाओं का विस्तार, सुविधाओं में सुधार, छात्रवृत्तियों का आवंटन और नए पाठ्यक्रम विकसित कर पाते हैं। आइए, हम मिलकर चुनौतियों को दूर करें और नए अवसरों का निर्माण करें। आपकी उदारता स्थायी परिवर्तन लाने और एक कुशल व सशक्त समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**दान के लिए स्कैन करें**

**बैंक का नाम: SBI**

**बैंक खाता: 40253998409**

**शाखा का नाम: केंद्रीय सचिवालय (00625)**

**IFSC: SBIN0000625**

## अधिक जानकारी के लिए संम्पर्क करें


**शोनाल गुप्ता, संयोजक - +91-9811190016**

**राकेश कुमार, सह-संयोजक - +91-9312936894**

**ई-मेल :- contact@samarthbharat.net**

**वेबसाइट :- www.samarthbharat.net**


# समर्थ भारत